रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06112024-258481
CG-DL-E-06112024-258481

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4437] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 5, 2024/कार्तिक 14, 1946
No. 4437] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 5, 2024/KARTIKA 14, 1946

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर, 2024

**का.आ. 4818(अ).—** यतः, केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1988 (1988 का 68) की धारा 11 के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ.1508 (ई), दिनांक 14 मई 2020 द्वारा कर्नाटक राज्य में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 161ए के किलोमीटर 0.000 से किलोमीटर 45.878 तक (औरद से बीदर खंड) का काम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (जिसे इसके पश्चात् 'प्राधिकरण' कहा जाए) को सौंपा है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का अवधारण एवं संग्रहण) नियम, 2008, (जिसे इसके पश्चात "नियम" कहा जाए), के नियम 3 के साथ पठित राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 161ए के औराद से बीदर खंड के डिजाइन किलोमीटर 0.000 से किलोमीटर 45.535 तक (विद्यमान किलोमीटर 0.000 से किलोमीटर 45.878 तक) के पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन खंड के उपयोग हेतु, सड़क खंड की निवल लंबाई 45.210 किमी (तालिका-2) तथा 3.250 किमी (जिनकी लंबाई 0.325 किमी है, तालिका-3) लंबाई की समकक्ष संरचना (जिनकी लम्बाई 60 मीटर से अधिक है) के लिए यांत्रिक वाहनों पर सारणी 1 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट दरों के 60% पर और नीचे सारणी

1 के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट प्रकार के वाहनों पर शुल्क उद्ग्रहीत करती है एवं प्राधिकरण को अपने अधिकारियों के माध्यम से अथवा संविदाकार के माध्यम से उक्त शुल्क को संग्रहीत करने के लिए प्राधिकृत करती है, निम्नानुसार:-

| **सारणी-1** | |
|---|---|
| **वाहन का प्रकार** | **आधार वर्ष 2007-08 के लिए प्रति कि.मी. शुल्क की आधार दर (रुपए में)** |
| (1) | (2) |
| कार, जीप, वैन अथवा हल्के मोटर वाहन | 0.65 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के मालवाहक वाहन अथवा मिनी बस | 1.05 |
| बस अथवा ट्रक (दो धुरी वाले) | 2.20 |
| तीन धुरा वाले वाणिज्यिक वाहन | 2.40 |
| भारी निर्माण मशीनरी (एच.सी.एम.) अथवा अर्थ मूविंग उपस्कर (ई.एम.ई) अथवा बहुधुरीय वाहन (एम.ए.वी.) (चार से छह धुरी वाले) | 3.45 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात अथवा अधिक धुरी वाले) | 4.20 |

1. नीचे उद्ग्रहीत एवं संग्रहीत शुल्क, निम्नलिखित शुल्क प्लाजा पर, ऐसे शुल्क प्लाजा के लिए विनिर्दिष्ट सड़क की निवल लंबाई हेतु शोध्य और संदेय होगा, अर्थात;

| **सारणी -2** | | |
|---|---|---|
| **शुल्क प्लाजा का अवस्थान (चेनेज)** | **लंबाई (किमी में) जिसके लिए शुल्क संदेय है** | **दर जिस पर शुल्क संदेय है** |
| कर्नाटक राज्य में बीदर जिला के मुस्तपुर गांव के पास में एनएच-161ए के डिजाइन किलोमीटर 24.400 पर | 45.210 (>60 मी. से अधिक) लंबाई की संरचनाओं को छोड़कर] | पेव्ड शोल्डर्स सहित दो लेन के लिए ऊपर सारणी- 1 में उल्लिखित आधार दरों का 60% |

2. उपरोक्त के अलावा, संरचनाओं की लंबाई को राजमार्ग की समतुल्य लंबाई में परिवर्तित करके ऐसी संरचनाओं की लंबाई को 10 के समकारी कारक से गुणा द्वारा निम्नलिखित शुल्क प्लाजा पर 60 मीटर से अधिक लंबाई वाली निम्नलिखित संरचनाओं के उपयोग के लिए निम्नलिखित शुल्क भी देय होगा :-

| **सारणी -3** | | | |
|---|---|---|---|
| **शुल्क प्लाजा का अवस्थान (चेनेज)** | **संरचनाओं की लंबाई (कि.मी. में) को समकक्ष सड़क लंबाई में परिवर्तित किया जाना है** | **समकक्ष सड़क लंबाई (कि.मी. में)** | **दर जिस पर शुल्क संदेय है** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कर्नाटक राज्य में बीदर जिला के मुस्तपुर गांव के पास में एनएच-161ए के किलोमीटर 24.400 पर | 0.325^ | 3.250 | पेव्ड शोल्डर्स सहित दो लेन के लिए ऊपर सारणी 1- में उल्लिखित आधार दरों का 60% |

^विवरण इस प्रकार है:-

| | चेनेज | | संरचना का प्रकार | लंबाई (किमी में) |
|---|---|---|---|---|
| | किमी से | किमी तक | | |
| 1 | 32.618 | 32.943 | **बड़ा** पुल | 0.325 |
| कुल | | | | **0.325** |

3. जिस व्यक्ति का अपना यांत्रिक वाहन, गैर-वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पंजीकृत हुआ हो और वह शुल्क प्लाजा से बीस किलोमीटर तक की दूरी में ही रहता/रहती हो, उसके लिए वर्ष 2024-25 के लिए मासिक पास की दर 340/-रूपए (तीन सौ चालीस रूपए मात्र) होगी और उक्त नियमों के उपबंधों के अनुसार उसमें प्रत्येक वर्ष संशोधन किया जायेगा।

4. राजमार्ग खण्ड पर बहुयात्राओं हेतु पास निम्नलिखित दरों पर जारी किया जाएगा, अर्थात्:: -

| सारणी-4 | | |
|---|---|---|
| **देय राशि** | **अनुमत्य एकतरफा यात्राओं की अधिकतम संख्या** | **वैद्यता अवधि** |
| एक तरफा यात्रा के लिए शुल्क का डेढ़ गुना | दो | भुगतान के समय से चौबीस घंटे |
| पचास एकल यात्राओं के लिए भुगतान शुल्क की राशि का दो-तिहाई | पचास | भुगतान की तारीख से एक मास |

5. जिस जिले में शुल्क प्लाजा स्थित है उसमें पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) के लिए शुल्क उस श्रेणी के लिए वाहन के लिए निर्धारित शुल्क का 50% होगा बशर्ते के ऐसे वाणिज्यिक वाहनों के उपयोग के लिए कोई सर्विस रोड अथवा वैकल्पिक सड़क उपलब्ध न हो।

6. जो यांत्रिक वाहन अपनी श्रेणी के लिए निर्धारित अनुज्ञेय भार की अपेक्षा अधिक भार से लदा हुआ होगा उसके चालक अथवा मालिक अथवा प्रभारी व्यक्ति को ऐसे अधिक भार से लदे हुए वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रवेश कराने के लिए शुल्क संग्रहण एजेंसी को नियम 10 के उप नियम 1 ए में विनिर्दिष्ट के अनुसार शुल्क का भुगतान करना होगा और उसे राजमार्ग खण्ड का उपयोग करने की तब तक अनुमति नहीं होगी जब तक कि ऐसे यांत्रिक वाहन से अधिक भार को हटा नहीं दिया जाए।

7. यांत्रिक वाहनों की श्रेणी, उनके लिए अनुज्ञेय भार, छूट-प्राप्त वाहनों की श्रेणी, सर्विस रोड, वैकल्पिक सड़क आदि सहित सभी परिभाषाएं उक्त नियमों में विनिर्दिष्ट परिभाषाओं के अनुसार होंगी।

8. उक्त नियमों के नियम 12 के अनुसार, उपयोगकर्ताओं की जानकारी के लिए शुल्क की दरों को प्रदर्शित किया जाएगा।

9. ऊपर सारणी-1 में यथा-उल्लिखित, आधार वर्ष 2007-08 के लिए प्रति किलोमीटर शुल्क की आधार दर के आधार पर, यांत्रिक वाहनों से लिए जाने वाले वास्तविक शुल्क और कटौतियों की गणना प्राधिकरण द्वारा खंड की पूरी कर ली गई लम्बाई के आधार पर की जाएगी तथा उसे रियायतग्राही के माध्यम से प्राधिकरण द्वारा अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के कम-से-कम एक-एक समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाएगा और तदनुसार उसमें उक्त नियमों के नियम 5 के अनुसार वार्षिक तौर पर संशोधन किया जाएगा।

10. परियोजना की अनुमानित पूंजीगत लागत 357.31 करोड़ रुपए है। पूंजी लागत में परिवर्तन हो सकता है क्योंकि भूमि अर्जन, जन-उपयोगिता सेवाओं का स्थान बदलने, पेड़ों की कटाई आदि जैसे क्रियाकलाप अभी पूरे किए जाने हैं। प्राधिकरण द्वारा वसूल किए गए प्रयोक्ता शुल्क के जरिए पूंजीगत लागत की वसूली का रिकॉर्ड रखा जाएगा।

[फा. सं. एनएचएआई/पीआईयू–जीएलबी/एनएच-161ए/2023-2024//ई-241076]

कमलेश चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव

**MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 30th October, 2024

**S.O. 4818(E).—** Whereas by notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways number S.O. 1508(E) dated 14th May 2020 issued under section 11 of the National Highways Authority of India Act, 1988 (68 of 1988), the Central Government has entrusted the stretch from kilometre 0.000 to kilometre 45.878 (Aurad to Bidar section) of National Highway No. 161A in the State of Karnataka to the National Highways Authority of India (hereinafter referred to as the "Authority");

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 7 of the National Highways Act, 1956 (48 of 1956), read with rule 3 of the National Highways Fee (Determination of Rates and Collection) Rules, 2008 (hereinafter referred to as the "rules"), the Central Government hereby levies the fee at the 60% of rate specified in column (2) of the Table 1 for net road section length of 45.210 km (Table-2) and for equivalent structure length (having length more than 60m) of 3.250 km (having length of 0.325 km,Table-3) on the type of vehicles specified in column (1) of the Table 1 below for use of two lane with paved shoulders of Aurad to Bidar section from design kilometre 0.000 to kilometre 45.535 (existing kilometre 0.000 to kilometre 45.878) of National Highway number 161A in the State of Karnataka and authorises the Authority to collect, either through its officials or through a contractor, the said fee, as under:-

**Table-1**

| Type of vehicle | Base rate of feeper km for the base year 2007-08 (in Rupees) |
|---|---|
| (1) | (2) |
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 0.65 |
| Light Commercial Vehicle Light Goods Vehicle or Mini Bus | 1.05 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 2.20 |
| Three-axle commercial vehicles | 2.40 |
| Heavy Construction Machinery (HCM) or Earth Moving Equipment (EME) or Multi Axle Vehicle (MAV) (four to six axles) | 3.45 |
| Oversized Vehicles (seven or more axles) | 4.20 |

1. The fee to be levied and collected hereunder shall be due and payable at the Fee Plaza for net road length specified for such Fee Plaza(s), namely: -

**Table-2**

| Location of Fee Plaza (chainage) | Length (in km) for which Fee is payable | Rate at which fee is payable |
|---|---|---|
| At Km.24.400 of NH-161A near Mustapur village in Bidar District of Karnataka State | 45.210<br>[Excluding length of structures (>60m)] | 60% for two lane with paved shoulders, of the base rates mentioned in Table-1 above |

2. In addition to above, the following fee shall also be due and payable for the use of the following structures having length more than 60m at the following Fee Plaza(s), by converting the length of structures into an equivalent length of highway by multiplying the length of such structures by an equalisation factor of 10: -

| Table-3 | | | |
|---|---|---|---|
| **Location of Fee Plaza (chainage)** | **Length of structures (in km) to be converted into equivalent road length** | **Equivalent road length (in km)** | **Rate at which fee is payable** |
| At Km.24.400 of NH-161A near Mustapur village in Bidar District of Karnataka State | 0.325^ | 3.250 | 60% for two lane with paved shoulders, of the base rates mentioned in Table-1 above |

^The details are as under: -

| | **Chainage** | | **Type of Structure** | **Length (in km)** |
|---|---|---|---|---|
| | **From Km** | **To Km** | | |
| 1 | 32.618 | 32.943 | Major Bridge | 0.325 |
| **Total** | | | | **0.325** |

3. The rate of monthly pass for a person who owns a mechanical vehicle registered for non-commercial purposes and resides within a distance of twenty kilometres from the fee plaza is Rs.340.000 (Rupees Three Hundred and Forty only) for the year 2024-25 and is subject to revision every year as per the provisions of the said rules.

4. For multiple journeys on the highway section, passes shall be issued at the following rates, namely: -

| Table-4 | | |
|---|---|---|
| **Amount Payable** | **Maximum number of one way journeys allowed** | **Period of validity** |
| One and one-half times of the fee for one way journey | Two | Twenty four hours from the time of payment |
| Two-third of amount of the fee payable for fifty Single journeys | Fifty | One month from date of payment |

5. Fee for commercial vehicle (excluding vehicles plying under National permit) registered in the district where the fee plaza falls shall be 50% of the specified rate for that category of vehicle provided no service road or alternative road is available for use of such commercial vehicles.

6. The driver or owner or a person in charge of a mechanical vehicle which is loaded in excess of permissible load specified for its category, shall be liable to pay fee for entering the overloaded vehicle on the National Highway to the fee collecting agency, equal to the fee specified in sub-rule 1A of rule 10 of the said rules, and shall not be entitled to make use of the highway section unless the excess load has been removed from such mechanical vehicle.

7. All definitions including category of mechanical vehicles, its permissible load, category of exempted vehicles, service road, alternative road, etc. shall be as per definitions specified in the said rules.

8. The fee rates shall be displayed for information of the users in accordance with rule 12 of the said rules.

9. Based on the base rate of fee per kilometre for the base year 2007-08 as mentioned inTable-1 above, the actual amount of fee to be charged from the mechanical vehicles and the discounts will be calculated by the Authority on the basis of the completed length of the section and revised annually in accordance with the rule 5 of the said rules and the same shall be published in at least one newspaper in English and vernacular language.

10. The estimated capital cost of the project is Rs. 357.31 Crore. The capital cost is subject to variation as the activities of land acquisition, utility shifting, tree cutting, etc. are yet to be completed. The Authority shall maintain a record of the recovery of capital cost through user fee realised.

[F. No. NHAI/PIU-GLB/NH-161A/2023-24//E-241076]

KAMLESH CHATURVEDI, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

GORAKHA NATH YADAVA
Digitally signed by GORAKHA NATH YADAVA
Date: 2024.11.06 15:13:55 +05'30'